APP-A
Crim-I

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ...उपखण्ड अधिकारी... मुकाम ...कोटा...

...विनोद... बनाम ...सरकार...

किस्म मुकदमा ...136... नं. ...34... सन् ...2026...

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
02/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत लाडपुरा में प्रार्थी विनोद की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम रामपुर (रसुलपुर) पटवार हल्का खेड़ा में स्थित भूमि खाता संख्या 167 में प्रार्थी का निवास स्थान सा0देह दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में निवासी ग्राम आरामपुरा दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में निवास स्थान सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा विनोद पुत्र मोडूलाल निवासी सा0देह का राजस्व रिकॉर्ड में निवास स्थान ग्राम आरामपुरा किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम रामपुर (रसूलपुर) की जमाबंदी खाता संख्या 167 में विनोद पुत्र मोडूलाल निवासी सा0देह के स्थान पर निवासी ग्राम आरामपुरा दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक ...02/1/26... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	